<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–06 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात। कहा–प्रदेश की विकास यात्रा को और अधिक गति देने के लिए नवीन उर्जा का संचार करता है प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन।
- प्रदेश सरकार ने यूपी पुलिस और पीएसी कांस्टेबल भर्ती दो हजार पचीस में अधिकतम आयु में छूट देने का लिया फैसला। भर्ती के दौरान आयु सीमा में एक बार दी जाएगी तीन साल की छूट।
- प्रदेश के ग्राम पंचायत सचिवालयों में स्थापित किए जाएंगे अत्याधुनिक डिजिटल पुस्तकालय। दो लाख रुपये की किताबों सहित प्रत्येक पुस्तकालय पर खर्च होंगे चार लाख रुपये।
- एसआईआर के क्रम में आज प्रकाशित किया जाएगा मतदाता सूची का मसौदा

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को और अधिक गति प्रदान करने के लिए सदैव नवीन ऊर्जा का संचार करता है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से भी शिष्टाचार मुलाकात की।

**********

प्रदेश सरकार ने यूपी पुलिस और पीएसी कांस्टेबल भर्ती के संबंध में अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद, यूपी सिविलियन पुलिस और समकक्षों के लिए प्रस्तावित आडिट भर्ती दो हजार पचीस के तहत आयु सीमा में एक बार तीन वर्ष की छूट का फैसला लिया गया । सीधी भर्ती–दो हजार पचीस के अंतर्गत कुल बत्तीस हजार छह सौ उन्यासी पदों को भरा जाएगा।

**********

केंद्र सरकार के "डी–रेगुलेशन प्रथम चरण के तहत उत्तर प्रदेश ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और निवेश–अनुकूल बनाने के उद्देश्य से चिन्हित 23 प्रमुख प्राथमिक सुधार क्षेत्रों के प्रभावी और समग्र क्रियान्वयन के आधार पर जारी की गई है।

**********

वर्ष दो हजार पचीस देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण अध्याय साबित हुआ है। इस दौरान नीतियां प्रगति में और संकल्प प्रभाव में बदले हैं। विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में आज हम प्रस्तुत कर रहे हैं ऊर्जा क्षेत्र में पिछले वर्ष हुई प्रगति।

***2025 में बिजली, परमाणु ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और रणनीतिक खनिजों से जुड़े लंबे समय से लम्बित सुधारों को जमीन पर लागू किया गया। 2025 में शांति विधेयक के पारित होने के साथ ही भारत के नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में दशकों से चली आ रही रुकावट समाप्त हुई।***

***हम नए–नए डैम बना रहे हैं, ताकि हाइड्रो का विस्तार हो और हमें क्लीन एनर्जी की उपलब्ध हो। न्यूक्लियर एनर्जी में 10 नए न्यूक्लियर रिएक्टर तेजी से काम कर रहे हैं। 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता, 10 गुणा से भी अधिक बढ़ाने के संकल्प को ले करके आगे बढ़ रहे हैं। अब हमने प्राइवेट सेक्टर के लिए भी परमाणु ऊर्जा के द्वार खोल दिए हैं।***

***नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी 2025 में भारत की वैश्विक नेतृत्व की भूमिका और मजबूत हुई। बड़े सौर पार्कों और पवन ऊर्जा परियोजनाओं से लेकर पी.एम. सूर्य घर योजना और किसानों के लिए पी.एम. कुसुम योजना तक स्वच्छ. ऊर्जा का विस्तार घरों, खेतों और उद्योगों तक पहुंचा। सौम्या शरण के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस विशेष श्रृंखला में आज प्रस्तुत है उत्तर प्रदेश में रोजा–सीतापुर छावनी–बुढ़वल रेल दोहरीकरण परियोजना की रिपोर्ट.....

***उत्तर प्रदेश में रोजा–सीतापुर–कंटोनमेंट–बुढ़वल रेल का दोहरीकरण, रेल मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण परियोजना थी। इसकी लंबाई 180 किलोमीटर है। इस परियोजना को 1 मार्च 2015 को 2560 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृति मिली थी। परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान वैधानिक स्वीकृतियों और भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण, समय–सीमा प्रभावित हो रही थी। इसके बाद, इस विषय की समीक्षा जुलाई 2017 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में प्रगति मंच पर की गई। प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप के कारण यह परियोजना 13 फरवरी 2024 को पूरी हुई। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

प्रदेश के ग्राम पंचायत सचिवालयों में अत्याधुनिक डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***पंचायती राज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि डिजिटल पुस्तकालयों में वाई–फाई, एलईडी स्क्रीन, सीसीटीवी कैमरे, कंप्यूटर सिस्टम के साथ–साथ पुस्तकों और डिजिटल शिक्षण संसाधनों का समृद्ध संग्रह उपलब्ध होगा। प्रत्येक लाइब्रेरी पर करीब 4 लाख रुपये खर्च होंगे। इसमें 2 लाख रुपये की पुस्तकें, 1.30 लाख रुपये के आईटी उपकरण और 70 हजार रुपये के आधुनिक फर्नीचर की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश के सभी जिलों की ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से डिजिटल लाइब्रेरी खोली जाएंगी। ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव लाइब्रेरी का प्रबंधन करेंगे, जबकि सहायक अधिकारी इसकी नियमित निगरानी करेंगे। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

**********

विशेष गहन पुनरीक्षण–सआईआर के क्रम में आज प्रदेश में मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के अनुसार आज से छह फरवरी दो हजार छब्बीस तक आपत्तियां और दावे किए जा सकते हैं। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन छह मार्च दो हजार छब्बीस को किया जाएगा। एसआईआर प्रक्रिया बीते वर्ष छब्बीस दिसम्बर को ही पूरी हो गई। मतदाता सूची का मसौदा पहले इकतीस दिसम्बर दो हजार पचीस को प्रकाशित होना था। संशोधित समय सारिणी के अनुसार इसे आज प्रकाशित किया जाएगा।

**********

प्रयागराज में संगम तट पर आयोजित माघ मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। कल मेले में पांच दिवसीय पंचकोसी परिक्रमा का शुभारंभ हुआ। इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए मेले में व्यापक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। एक रिपोर्ट–

***राज्य के विभिन्न जिलों से माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन ने करीब 3800 बसें चलाई हैं। इसके अलावा मेला परिसर तक पहुंचने और मेला क्षेत्र में भ्रमण के लिए पर्याप्त ई–बसें, ई–रिक्शों की व्यवस्था की गई है। आपात स्थितियों से निपटने के लिए 17 फायर स्टेशन बनाए गए हैं। जबकि स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए लगभग 3300 सफाईकर्मी भी तैनात किए गए हैं। श्रद्धालओं की बड़ी संख्या के मद्देनजर जल पुलिस, गोताखोर, एनडीआरएफ , एसडीआरएफ, और आरएएफ के जवानों की भी तैनाती की गई है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

माघ मेले के दौरान संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु वाराणसी भी पहुंच रहे हैं। काशी पहुंचने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के प्रबंधन के लिए यातायात पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। वाराणसी के एडीसीपी यातायात अंशुमान मिश्रा ने बताया कि मकर संक्रांति के बाद मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर दो से चार लाख श्रद्धालुओं के काशी पहुंचने की संभावना है।

**********

राजधानी लखनऊ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आधुनिक विरासत के दर्शन पर्यटक अब इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस में कर सकेंगे। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह आज सुबह 10 बजे 1090 चौराहे से लखनऊ दर्शन बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

**********

वाराणसी के मिर्जमुराद थाना क्षेत्र के अंतर्गत करधना में विषैला फल खाने से तीन बच्चियों की मौत हो गई। चार जनवरी को बच्चियों द्वारा विषैला फल खाने की जानकारी मिलते ही परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया था, जहां दो बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्ची की कल इलाज के दौरान मौत हो गई।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिले भीषण ठंड और कोहरे से प्रभावित हैं। कोहरे के कारण ट्रेनें और उड़ानें भी देरी से संचालित हो रही हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने कल तक प्रदेश के पूर्वी जिलों में घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कहीं–कहीं घने कोहरे की चेतावनी दी गई है। ठंड और कोहरे को देखते हुए प्रदेश भर के स्कूलों में अवकाश की अवधि बढ़ा दी गई है।

**********